देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत में 88 करोड़ रूपये से अधिक की 8 विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के 287 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू।
- चंपावत में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।
- राज्यभर में भूकंप से बचाव और प्रतिक्रिया क्षमता की तैयारियों को परखने के लिए कल प्रदेशभर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर में 88 करोड़ रूपये से अधिक की कुल 8 विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "इन परियोजनाओं से चंपावत के समग्र और संतुलित विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे ग्रामीण आजीविका सशक्त होगी, क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।"

'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य में आयोजित "सहकारिता मेला" का विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि "सहकारिता आंदोलन राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, जिससे किसान, युवा और महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकते हैं।" इस अवसर पर

भर्ती प्रक्रिया

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने 287 चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पदों के लिए 20 नवंबर से 10 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। चयन बोर्ड की ओर से जारी भर्ती विज्ञप्ति में चिकित्सा अधिकारियों के इन पदों में अनारक्षित श्रेणी के कुल 141, अनुसूचित जाति 70, अनुसूचित जनजाति 11, अन्य पिछड़ा वर्ग 38, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत 27 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 व अधिकतम 42 वर्ष रखी गई है। स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर

धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

उन्होंने कहा कि चयन बोर्ड से चयन के बाद डाक्टरों को प्रदेश के दूरस्थ अस्पतालों में प्रथम तैनाती दी जाएगी। श्री रावत ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार अस्पतालों में लगातार डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती कर रही है।

डीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 को

प्रदेश में आगामी 22 नवम्बर को डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कुल 151 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे तक आयोजित होने वाले डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 40 हजार 571 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

श्री सिमल्टी ने बताया कि प्रवेश पत्र प्राप्त न होने की दशा में या प्रवेश पत्र से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी अपने द्वारा चयनित प्रथम परीक्षा शहर के नोडल केंद्र में 20 व 21 नवम्बर को आनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, दो फोटो, फोटोयुक्त पहचान पत्र और शपथपत्र सहित उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

वन क्रीड़ा प्रतियोगिता

देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में हो रहे अखिल भारतीय वन क्रीड़ा खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी छत्तीसगढ़ का दबदबा बना रहा। प्रतियोगिता में अब तक 37 पदक जीत कर छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर है। जबकि महाराष्ट्र ने 24 और उत्तराखंड ने दो स्वर्ण सहित अब तक 13 पदक जीते हैं। उत्तराखंड ने शूटिंग, वॉलीबाल, बैडमिंटन सहित कई प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण के साथ सात रजत और चार कांस्य पदक जीते।

कर्नाटक पांच स्वर्ण, नौ रजत के साथ 22 पदक जीत पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। मध्य प्रदेश ने पांच स्वर्ण के साथ 10 पदक जीते हैं। वहीं तमिलनाडु ने तीन स्वर्ण के साथ 10 और उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण के साथ तीन पदक हासिल किए।

नेपाल सीमा पर चौकसी

दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना के बाद चंपावत जिले के बनबसा से सटी नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के तहत एसएसबी पुलिस के साथ पेट्रोलिंग कर रही है। बनबसा, धनुषपुल, बंगाली बस्ती,

सैलनीगेठ, बूम आदि चौकियों के जवान भारत, नेपाल सीमा और आसपास पेट्रोलिंग कर रहे हैं। एसएसबी 57 वीं वाहिनी के कमांडेंट मनोहर लाल ने

बताया कि सीमा पर किसी तरह की संदिग्ध और अवांछनीय गतिविधि नहीं पाई गई। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती गांव के समीप के ग्रामीणों को सुरक्षा के तहत सतर्क किया गया है।

पैरामेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले में पैरामेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की है। चंपावत जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में पैरामेडिकल कॉलेज खुलने से जिले में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुदृढ़ होगी, और क्षेत्र के युवाओं को स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना से चंपावत और आस–पास के जिलों को कुशल तकनीकी स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध होंगे, जिससे प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज के लिए भूमि चयन और आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। श्री धामी ने कहा कि "राज्य सरकार का लक्ष्य है कि पहाड़ी जिलों के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और रोजगार के अवसर प्राप्त हों। चंपावत में पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापना इसी दिशा में एक ठोस कदम है।"

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान के तहत उत्तराखंड पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपितों के कब्जे से लगभग 123 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग 36 लाख रुपये बताई जा रही है।

मॉक ड्रिल का आयोजन

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में भूकंप और भूकंप जनित आपदाओं से बचाव एवं भूकंप आने पर विभिन्न रेखीय विभागों की तैयारियों को परखने के लिए 15 नवंबर को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य डॉक्टर डी.के. असवाल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान डॉक्टर असवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड विभिन्न प्रकार की आपदाओं को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में आपदाओं का सामना करने के लिए पूर्व तैयारी, समुदायों का क्षमता विकास, निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। सचिव,आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि भूकंप मॉक अभ्यास का उद्देश्य राज्य के सभी जिलों की तैयारियों

का परीक्षण करना है, ताकि भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। इस अभ्यास के तहत बांधों, टनलों, पुलों, भवनों, विद्यालयों, अस्पतालों, मॉल, स्टेडियम आदि जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन किया जा रहा है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दिल्ली हमले को लेकर सख्त चेतावनी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से लिखता है– धमाके के दोषियों को ऐसी सजा देंगे कि दुनिया देखेगी।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– दिल्ली विस्फोट के दोषियों को मिलने वाली सजा दुनिया को देगी संदेश।

नवोदय टाइम्स ने शीर्षक दिया है– तुर्की से मजबूत हो रहे तार।

अमर उजाला लिखता है –32 कारों से चार शहरों को दहलाने की थी साजिश, जुटाए थे 26 लाख।

बिहार में नई सरकार के लिए आज होने वाले वोटो की गिनती को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है– दैनिक जागरण लिखता है– बिहार में किसके सिर सजेगा ताज, फैसला होगा आज।

हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है–ईवीएम में बंद 26 सौ 16 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गढ़वाल और कुमाऊं में आध्यात्मिक आर्थिक जोन बनाने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है।

इसी खबरपर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है – गढ़वाल और कुमाऊं में बनेंगे आध्यात्मिक आर्थिक जोन।

नवोदय टाइम्स मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– उत्तराखंड में दो आध्यात्मिक आर्थिक जोन बनाए जाएंगे।